मूल्य: एक रूपया

# इस्पात संदेश

कामधेनु स्टील

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–2, अंक–3 मई, 2009

किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545



टिन्टिंग मशीन के अनावरण के अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल,श्री सचिन अग्रवाल एवं प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल

## "रंगों की बारीक पहचान – "कलर ड्रीम्ज" टिन्टिंग मशीन ने किया आसान"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट शाखा 'कलर ड्रीम्ज' ने देश भर में फैले अपने डीलरों को गोवा की सैर कराने के साथ–साथ आपसी रिश्तों को मजबूत करने की एक अनूठी पहल की। 15 मई से 17 मई तक चला कामधेनु पेंट के चैनल पार्टनर्स का यह विशेष सम्मेलन इनके उत्साह को बढ़ाने एवं अपने अनुभवों को एक–दूसरे के बीच बाँटते हुए साथ मिलकर सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। राजधानी दिल्ली सहित पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, गुजरात एवं जम्मू कश्मीर के 280 से ज्यादा डीलरों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया। सम्मेलन का आयोजन गोवा के होटल हॉलीडे–इन में किया गया, जहाँ सबने रूसी बेले डांस के साथ–साथ इजिप्टियन थीम पर आधारित खूबसूरत साज–सज्जा वाले लिंबो डांस का भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर कामधेनु पेंट की एक नयी तकनीक 'कलर ड्रीम्ज' गैलरी टिन्टिंग मशीन' से सबको परिचित कराया गया। इस नयी तकनीक का इस्तेमाल कर कलर ड्रीम्ज श्रृंखला के 4000 से ज्यादा रंगों में से अपने मनपसंद रंग का चयन किया जा सकता है। इस 'टिन्टिंग मशीन' की उपयोगिता के बारे में बताते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा 'यह मशीन न केवल रंगों की विशेष समझ रखनेवाले उपभोक्ताओं के मन में बसे रंगों को चुनने में मदद करेगा बल्कि इससे आम उपभोक्ता भी विशिष्ट रंगों के जरिए अपने घर को सपनों से सुंदर बनाने में सक्षम होंगे। इतना ही नहीं, यह मशीन ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को कामधेनु पेंट के साथ जोड़ने में सक्षम होगा, जिससे कलर ड्रीम्ज श्रृंखला के उत्पादों की बिक्री में खासी बढ़त होगी।"



सम्मेलन में आए डीलरों को संबोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा 'इस आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है आपकी समस्त जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आपके अंदर एक ऐसा जोश और उत्साह पैदा करना, जिससे कि 'कलर ड्रीम्ज' की कामयाबी की रफ्तार निरंतर बढ़ती चली जाए। हमारा उद्देश्य है देश की सबसे प्रमुख पेंट कंपनी बनना, और यह तभी संभव होगा जब हमारे सभी साथी अपनी क्षमता से आगे बढ़कर काम करें।"

सम्मेलन में हिस्सा लेने के साथ–साथ डीलरों एवं कर्मचारियों की इस टीम ने 16 मई की सुबह इस टीम ने सुप्रसिद्ध मंगलेश मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद सबने प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य से भरपूर गोवा के समुद्री तट पर जी–भरकर मस्ती की। गोवा की मशहूर कैलांगेट बीच, मीरामार बीच, डोनापाउला बीच पर सैर का भरपूर आनंद लेने के बाद इस टीम ने होटल हॉलीडे–इन के परिसर में कामधेनु क्रिकेट लीग के अन्तर्गत आयोजित क्रिकेट मैच का मजा लिया। इस अवसर पर श्री सौरभ अग्रवाल ने डीलरों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया । सम्मेलन में कामधेनु परिवार के अन्य सदस्यगण भी मौजूद थे ।

# जगदम्बे ब्लड बैंक सोसाइटी ने श्री सतीश अग्रवाल को सम्मानित किया



हरियाणा की जगदम्बे ब्लड बैंक सोसाइटी ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह सम्मान श्री अग्रवाल को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाह करने के लिए दिया गया।

श्री अग्रवाल को यह पुरस्कार टोहाना में स्थित जगदम्बे ब्लड बैंक सोसाइटी की ओर से आयोजित श्रीमद्‌देवी भागवत कथा ज्ञान समारोह के दौरान दिया गया। इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा "कामधेनु इस्पात लिमिटेड समाज के प्रति सदैव एक सकारात्मक एवं जिम्मेदार सोच लेकर आगे बढ़ी है। कंपनी से जुड़ा हर व्यक्ति रिश्तों के एक ऐसे अटूट बंधन में बंधा है, जिसमें विश्वसनीयता को सर्वोपरि समझा जाता है। इस रिश्ते को मजबूत बनाए रखने के लिए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से मुँह नहीं मोड़ा जा सकता है।"

समारोह टोहाना के श्रीराम भवन में 1 मई से शुरू होकर 10 मई तक चला, जिसमें स्वामी श्री नलिनानंदजी महाराज ने देवी भागवत् कथा अपने श्रीमुख से सुनायी। जगदम्बे ब्लड बैंक सोसाइटी की ओर से डॉ. आई.जे. अग्रवाल, श्री सुखदेव बंसल, श्री प्रवीण जैन एवं श्री अशोक बंसल समारोह का हिस्सा रहे। कार्यक्रम की शुरूआत 1 मई को एक भव्य शोभायात्रा के साथ हुई एवं समापन 10 मई को सुबह ग्यारह बजे हुआ। इस



सहयोगी इकाई से उत्पाद सम्प्रेषण के अवसर पर मेसर्स चिंतन स्टील के श्री मिहिर साह, कामधेनु इस्पात लि. के श्री कुंदन सिंह, श्री अजय श्रीवास्तव, मेसर्स बालमुकुंद ग्रेनाइट एंड वायर के निदेशक श्री प्रागजी भाई एन. पटेल, मेसर्स करण स्टील, अमरेली के निदेशक श्री कपिल के. जानी, एवं मेसर्स श्रीजी स्टील सप्लायर्स के निदेशक श्री मुकेश भाई पटेल एवं श्री राकेश भाई पटेल।

# गुजरात में हुई एक नए रिश्ते की शुरुआत

कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने नेटवर्क को मजबूत करने एवं उपभोक्ताओं के बीच अपनी उपस्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर नए साथियों को जोड़ने के प्रयास करती है। इससे न केवल कामधेनु ब्रांड एवं इसके उत्पादों की पहुँच का दायरा बढ़ता है बल्कि कंपनी के प्रति उपभोक्ताओं की विश्वसनीयता भी बढ़ती है। अपने सहयोगियों की कड़ी को मजबूत करते हुए कंपनी ने हाल ही में गुजरात के अमरेली में स्थित मेसर्स बालमुकुंद ग्रेनाइट एंड वायर के साथ रिश्ता जोड़ा है। कंपनी की यह फ्रेंचाइजी इकाई कामधेनु ब्रांड की विशिष्ट गुणवत्ता प्रणाली के तहत कामधेनु वायरबांड के उत्पादन की जिम्मेदारी निभाएगी। अमरेली में स्थित बालमुकुंद ग्रेनाइट एंड वायर की इकाई की उत्पादन क्षमता 18 एवं 20 गेज के प्रतिमाह 150 टन कामधेनु वायरबांड की है।

इस नए रिश्ते की शुरुआत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "गुजरात एक बड़ा प्रदेश है जहाँ कामधेनु वायरबांड की माँग निरंतर बढ़ रही है। उपभोक्ताओं की असुविधा को देखते हुए हमने न केवल अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया बल्कि एक नए साथी को जोड़कर अपने नेटवर्क को और मजबूत किया है। दोनों कंपनियों के बीच हुए इस समझौते के वक्त मेसर्स बालमुकुंद ग्रेनाइट एंड वायर के निदेशक श्री प्रागजी भाई एन. पटेल एवं कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री कुंदन सिंह, श्री अजय श्रीवास्तव वहाँ मौजूद थे। कामधेनु से जुड़ी सहयोगीयों में मेसर्स चिंतन स्टील के श्री मिहिर साह, मेसर्स करण स्टील, अमरेली के निदेशक श्री कपिल के. जानी, एवं मेसर्स श्रीजी स्टील सप्लायर्स के निदेशक श्री मुकेश भाई पटेल एवं श्री राकेश भाई पटेल भी वहाँ उपस्थित थे।

इस महत्वपूर्ण समझौते पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए श्री प्रागजीभाई एन. पटेल ने कहा "वर्तमान समझौते के अन्तर्गत हमने अपनी उत्पादन इकाई से कामधेनु वायरबांड की पहला लॉट निर्धारित समय 1 अप्रैल को निकाली। हमें पूरी उम्मीद है कि कामधेनु के साथ हमारा जुड़ाव न केवल हमारे उपभोक्ताओं के विश्वास को बढ़ाएगा बल्कि हम कंपनी की उम्मीदों पर भी पूरी तरह खरा उतरेंगे। इस

# पटना में हुआ डीलरों का चौथा वार्षिक सम्मेलन




दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए दादीजी स्टील्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री रमेश चंद्र गुप्ता, श्री विनय सिंह एवं निदेशक श्री विजय कुमार गुप्ता तथा कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं सीनियर जीएम श्री एस.बी. शर्मा ।

बिहार प्रदेश के कामधेनु इस्पात लिमिटेड से जुड़े डीलरों का चौथा वार्षिक सम्मेलन 15 मई को न्यू पटना क्लब, पटना में आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के लगभग 300 डीलरों ने हिस्सा लिया। कंपनी की ओर से निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं सीनियर जीएम श्री एस.बी. शर्मा ने तथा कंपनी की सहयोगी इकाई दादीजी स्टील लिमिटेड के निदेशक श्री विजय कुमार गुप्ता ने समारोह में हिस्सा लिया।

सम्मेलन में मौजूद डीलरों को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड का कामयाब सफर डीलरों की मेहनत और लगन का नतीजा है। आज देश भर में कंपनी की 40 इकाईयाँ काम कर रही है, जिसका नेटवर्क देश भर में फैला हुआ है। बिहार में कंपनी की सहयोगी इकाई दादीजी स्टील्स लिमिटेड कामधेनु के उच्चस्तरीय गुणवत्ता मानदंडों पर परखी हुई नवीनतम थर्मोमैकेनिकल ट्रीटमेंट के जरिए भूकंपरोधी क्षमता वाले कामधेनु सरिये का उत्पादन करती है। कामधेनु सरिया जंगरोधी, भूकंपरोधी एवं लचीला होने के कारण आपके निर्माण को कई गुणा ज्यादा मजबूती देता है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने बिहार की भौगोलिक स्थिति का आकलन करने पर पाया कि यह प्रदेश भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील है। इसलिए यहाँ के उपभोक्ता भूकंपरोधी क्षमता वाले कामधेनु सरियों को अवश्य अपनाएंगे। कामधेनु से जुड़े डीलरों ने उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा कर कामधेनु सरिया को लोकप्रियता दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हमारे सहयोगी दादीजी स्टील्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री रमेश चंद्र गुप्ता, श्री विनय सिंह एवं निदेश श्री विजय कुमार गुप्ता भी इस प्रयास के लिए बधाई के पात्र हैं।

# परिणय सूत्र में बंधे श्री विवेक माहेश्वरी



कामधेनु इस्पात लिमिटेड के कर्मठ साथी एवं कंपनी के एजीएम–बिजनेस डेवलपमेंट श्री विवेक माहेश्वरी 28 अप्रैल को सुश्री नेहा के साथ परिणय सूत्र में बंध गए। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल के साथ–साथ कामधेनु परिवार के अन्य सदस्यों ने दांपत्य जीवन में पहला कदम रखने वाले श्री माहेश्वरी को शुभकामनाएं दी। परिणय समारोह उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित किया गया जो पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

# बुलंद हुआ विकास का नारा

देश की पंद्रहवीं लोक सभा के लिए मतदाताओं ने एक ऐसा जनादेश दिया है जिससे न केवल मतलबपरस्त राजनीति हवा हो गयी बल्कि इससे विकास का एक नया दौर शुरू होने की उम्मीद जाग उठी है। चुनाव परिणामों पर गौर करें तो यह बात स्पष्ट हो जाती है कि मतदाताओं ने भावनाओं में बहकर नहीं बल्कि अपने विवेक से निर्णय लिया। जहाँ उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का पुनर्जन्म हुआ वहीं केरल और पश्चिम बंगाल में वामपंथियों का सितारा डूब गया। बिहार, गुजरात और मध्यप्रदेश में अगर एनडीए को कामयाबी मिली तो यह केवल मौजूदा मुख्यमंत्रियों की विकासोन्मुखी विचारधारा की जीत थी। पाँच चरणों में संपन्न हुए इस चुनावी महापर्व में प्रधानमंत्री पद की होड़ में शामिल रहे छोटे दलों के उम्मीदवारों को जनता ने सिरे से नकार दिया। मायावती, मुलायम, लालू, रामविलास पासवान जैसे कद्दावर राजनेताओं में केवल मुलायम ही अपनी साख थोड़ी–बहुत बचा पाए। दक्षिण में जयललिता एवं चंद्रबाबू नायडू की उम्मीदें टूट कर बिखर गयी। एनडीए द्वारा कश्मीर घाटी में भगवा झंडा लहराने के प्रयासों को करारा झटका लगा। राजस्थान में वसुंधरा को जनता ने सिरे से नकार दिया। विपक्षी दलों द्वारा एक कमजोर प्रधानमंत्री होने के आरोपों को झेल रहे डॉ. मनमोहन सिंह को जनता ने सिर आँखों पर बिठाया। हालांकि कांग्रेस इस कामयाबी का ज्यादातर श्रेय युवा नेताओं खासकर राहुल गाँधी को दे रही है, लेकिन सच तो यही है कि देश की जनता ने छोटे दलों की आपसी विरोध और बाहुबलियों के बढ़ते प्रभाव को रौंदकर विकास के प्रति अपना स्पष्ट जनादेश दिया है।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124,      Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011






# कामधेनु जीवनधारा ने
## बच्चों को दिखाया इंडिया गेट, कुतुबमीनार





कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा संचालित सामाजिक संस्था कामधेनु जीवनधारा गुड़गाँव एवं इसके आस–पास के क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के काम में जुटी है। इसी कड़ी में यहाँ के गरीब तबके एवं मलीन बस्तियों में रहने वाले लगभग 40 बच्चों को इंडिया गेट एवं कुतुबमीनार दिखाने का इंतजाम किया गया।

बच्चों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए न केवल इंडिया गेट एवं कुतुबमीनार का जी भरकर नजारा किया, बल्कि दिन भर खूब धमाचौकड़ी की। इनमें से ज्यादातर बच्चे ऐसे थे जिन्होंने इंडिया गेट और कुतुब मीनार का नाम केवल किताबों या टीवी पर ही देखा और सुना था। वर्षों से इस चाह को मन में संजोए बच्चों ने साथ मिलकर तस्वीरें भी खिंचवायी। कामधेनु जीवनधारा के जरिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपनी व्यावसायिक–सामाजिक जिम्मेदारी को बखूबी निभाती आयी है। जगह–जगह शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का यह दायित्व कामधेनु जीवनधारा वर्षों से निभाती आयी है। इसके अन्तर्गत गरीब एवं अनाथ बच्चों को स्कूली शिक्षा दिलाने, इनके लिए किताब, कापियों और दवाओं का इंतजाम किया जाता है।



इस

# दुबई की सैर कर लौटी कामधेनु की टीम



कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 40 डीलरों को एक स्कीम के अन्तर्गत दुबई की सैर करने का मौका मिला। इस टूर में शामिल डीलरों का चयन जुलाई से दिसंबर 2008 के बीच कंपनी द्वारा चलायी गयी एक विशेष स्कीम के तहत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कामधेनु इस्पात लि. की सहयोगी शाखा मेसर्स लिंगराज स्टील एंड पावर (प्रा.) लि., छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया।

डीलरों के साथ–साथ इस टूर में मेसर्स लिंगराज स्टील एंड पावर (प्रा.) लि., छत्तीसगढ़ के निदेशक श्री एस.पी. अग्रवाल एवं श्री गौतम अग्रवाल भी शामिल थे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री आनंद तिवारी, डिस्ट्रीब्यूटर श्री मुकेश अग्रवाल, दीपक सिंघल एवं निहाल जिंदल इस सैर का हिस्सा बने। व्यावसायिक नगरी दुबई की आलीशान खूबसूरती का नजारा करते हुए टीम के सदस्यों ने जमकर शापिंग की। दुबई का समुद्री किनारा सबके आकर्षण का केंद्र था, जहाँ सबने घंटों बैठकर लहरों की अठखेलियों को कैमरे में कैद किया।

डीलरों के लिए यह सैर एक ऐसा मौका था जो बार–बार नहीं आता। इसलिए हर किसी ने अपनी मनपसंद की चीजों में दिलचस्पी दिखायी।

इस




श्री श्याम बाबू गुप्ता
मेसर्स राठी ट्रेडर्स
एस–13, सेक्टर–1 के सामने
बालाजी मोड़, मालवीय नगर
जयपुर (राजस्थान)
फोन नं.: 0141–3245001
मोबाइल – 09928098420

श्री विक्रम शर्मा
मेसर्स विक्रम आयरन स्टोर
राजा का तालाब, जिला–
कांगड़ा
मोबाइल – 09418050368

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com